प्रारंभिक मूल्यांकन (Baseline Assessment)

- **यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।**
- **विद्यार्थी को सभी प्रश्न हल करने हैं।**
- **शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न की समझने में सहायता करेंगे।**
- **टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।**

प्र. 1 शब्दों को तोड़कर खाने में लिखिए–

पहचान				
दीपावली				
रिमझिम				
भारत				

प्र. 2 एक से दस तक की गिनती में छूटे हुए शब्दों को लिखिए–

1. एक 2. .... 3. .... 4. ....

5. पाँच 6. .... 7. .... 8. ....

9. .... 10. दस

प्र. 3 आपके द्वारा देखे गए किन्हीं चार पेड़ों के नाम लिखिए–

उत्तर. ....

....

प्र. 4 'दूध' के आगे 'वाला' शब्द जोड़कर लिखने से दूधवाला बनता है तो–

गाड़ी........................ घर ....

खेत .... दाढ़ी ....

प्र. 5 चित्र देखकर उनके नाम लिखिए–





....

प्र. 6 बॉक्स में जानवरों के नाम लिखिए–

जो जानवर जंगल में रहते हैं–	जो जानवर पालतू हैं–
1.	1.
2.	2.
3.	3.

प्र. 7 निम्नलिखित कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

पर्वत पर से नदी उछलती,
मैदानों में आती है।
हरियाली की चूनर धानी,
खेतों में लहराती है।
मोती जैसे दाने हँसते,
हर गेहूँ की बाली के।
हल की नोंक लिए लिखते हम,
गीत यहाँ खुशहाली के।

(क) नदी मैदानों में कहाँ से आती है ?

उत्तर ....

(ख) खेतों में क्या लहराती है ?

उत्तर ....

(ग) खुशहाली के गीत किससे लिख जाते हैं ?

उत्तर ....

प्र. 8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

जी हाँ। मैं सड़क हूँ। मिट्टी, पत्थर और डामर से बनी हुई हूँ। एक बड़े अजगर की तरह मैदानों, जंगलों और पहाड़ों के बीच से गुजरती हूँ। पेड़ों की छाया के नीचे से होकर मैदान को पार करती हुई गाँवों को शहरों से जोड़ती हूँ।

(क) यह गद्यांश किसके बारे में लिखा हुआ है ?

उत्तर ....

(ख) सड़क किस–किस से बनती है ?

उत्तर ....

(ग) सड़क किस–किस को जोड़ती है ?

उत्तर ....

प्र. 9 नीचे दिए शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए–

भोजन – ....

पेड़ – ....

सफाई – ....

बादल – ....

प्र. 10 आपके क्या लगते हैं ? मिलान कीजिए।

माता के पिता	बुआ
पिता की माता	नाना
माता की बहिन	दादी
पिता की बहिन	मौसी

प्र. 11 आपने जिन वाहनों से यात्रा की हैं, उनमें से किन्हीं चार वाहनों के नाम लिखिए–

1 .... 2 ....

3 .... 4 ....

प्र. 12 कब–कब खाया–पीया जाता है ?

ठंडाई, शरबत, गोंद के लड्डू, गाजर का हलवा, कुल्फी, गजक

सर्दी की ऋतु में	गर्मी की ऋतु में

प्र. 13 घर पर आप किन कामों को करने में सहयोग करते हैं ?

उत्तर ....

....

....

प्र. 14 अपने विद्‌यालय की कोई चार अच्छी बातें लिखिए—

उत्तर ....

....

....

....

प्र. 15 नीचे लिखे वाक्य को लिंग बदलकर पुनः लिखिए—

1. बहन ने रोटी बनाई। ....

2. राजा ने राज किया। ....

3. लड़कों ने बदमाशों को पीटा। ....

4. मम्मी ने झाड़ू लगाई। ....

विद्‌यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड

टिप्पणी :	विद्‌यार्थी समूह समूह–1 समूह–2